जरूरतमंद मरीजों ने कराई हृदय जांच

मुंबई. लीलावती अस्पताल ने मेनाबेन हेल्पिंग हैंड्स के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों के लिए निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया, लोगों को कोलेस्ट्रॉल जांच, एलडीएल, इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम रक्तचाप का परीक्षण किया गया. हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विद्या सूरतकल ने कहा कि दिल का दौरा, दिल की विफलता और अचानक कार्डियक अरेस्ट, एनजाइना, कोरोनरी धमनी रोग (सीएडी), कार्डियोमायोपैथी, हृदय वाल्व रोग सहित हृदय संबंधी रोग दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं. समाज के वंचित वर्गों में हृदय संबंधी रोगों के बारे में जागरूकता की कमी है. कोलेस्ट्रॉल, उच्च रक्तचाप और एनजाइना जैसी हृदय संबंधी समस्याओं की जांच और निदान किया गया.